**बिहार सरकार**
**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

पत्र संख्या–12 / वि0–133 / 2025 -1293 पटना, दिनांक– 25/8/25

संवेदक श्री राम रतन पंडित (सूचीबद्धता संख्या–060920240712) को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल शिवहर के कार्यालय आदेश संख्या–1505 दिनांक–12.11.2024 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–20.08.2025 के सुनवाई के संबंध में।

---

20.08.2025

## आदेश

संवेदक श्री राम रतन पंडित, ग्राम–मौलागंज, पो0–कमरौली, जिला–शिवहर एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर सुनवाई में उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर अंतर्गत संवेदक श्री राम रतन पंडित ग्राम–मौलागंज, पो0–कमरौली,जिला– शिवहर को एकरारनामा सं0–F2-05/2018-19 के प्रावधानों के अनुरूप, मरम्मति एवं संपोषण कार्य में अभिरूची नहीं लेने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–1505, दि0–12.11.2024 द्वारा डिबार किया गया। पुनः कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर के द्वारा शुद्धि पत्र ज्ञापांक–1508, दि0–13.11.2024 के माध्यम से उक्त डिबार आदेश को निरस्त कर दिया गया, जो उनके सक्षमता के अधिन नही था।

कार्यपालक अभियंता द्वारा पारित उक्त डिबार आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में डिबार मुक्ति हेतु दायर वाद सं0 CWJC-772/2025 राम रतन पंडित बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्याालय द्वारा दि0–01.05.2025 को पारित न्यायादेश का मुख्य अंश निम्नवत् है :–

"With respect to the relief regarding direction to the authorities to expedite the decision making with respect to recalling the order of debarment, we hope and trust that since the cancellation of the debarment order has been recommended by the Executive Engineer, the process shall be given a finality within a reasonable period of time, as a debarment order against a person is not only a slur, but it is an impediment in his undertaking any work with the Department".

उपरोक्त वर्णित न्यायादेश के अनुपालन में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–949 दिनांक–08.08.2025 के द्वारा संवेदक को डिबार मुक्त करने हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दि0–20.08.2025 को सुनवाई की गई। जिसमे कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर एवं संबंधित संवेदक उपस्थित हुए।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक द्वारा कृत एकरारनामा में विहित शर्तों के तहत योजना संबंधी कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं करने एवं कतिपय निदेशों के बावजूद भी संपोषण एवं मरम्मति कार्य में अभिरूची नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक द्वारा एकरारनामा के अनुरूप कार्य किया जा रहा है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत वर्णित न्यायादेश के अनुपालन में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर के कार्यालय आदेश संख्या–1505 दिनांक–12.11.2024 द्वारा संवेदक श्री राम रतन पंडित (सूचीबद्धता संख्या–060920240712) को निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से निरस्त (Set Aside) किया जाता है ।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक–12 / वि0–133 / 2025– 1293 पटना, दिनांक– 25/8/25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना /भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–133 / 2025– 1293 पटना, दिनांक– 25/8/25

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12 / वि0–133 / 2025– 1293 पटना, दिनांक– 25/8/25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, शिवहर/संवेदक श्री राम रतन पंडित, ग्राम–मौलागंज, पो0–कमरौली, जिला–शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–133 / 2025– 1293 पटना, दिनांक– 25/8/25

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)